ऐदल सिंह कंषाना
मंत्री
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
मध्यप्रदेश शासन

कार्यालय : कक्ष क्र. B-106, प्रथम तल,
वल्लभ भवन क्र.–2, मंत्रालय, भोपाल
दूरभाष क्र. 0755–2708389
निवास : बी–3, श्यामला हिल्स, भोपाल, (म.प्र.)
मोबा. नं. 9425126871, 7697016681

क्रमांक : SA-1062/मंत्री / कि.क.कृ.वि.वि. / 2026

भोपाल, दिनांक 28-7-2026

आदरणीय
भाई साहब,

म.प्र. शासन, द्वारा दिनांक 14.05.2026 तथा 03.07.2026 को पुन: ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन हेतु 8.06 लाख मे.टन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था, जिसमें आपके द्वारा प्रदेश को 4.54 लाख मे.टन उपार्जन का लक्ष्य प्रदान किया गया है। प्रदेश के किसानों की ओर से आपका पुन: हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

इस वर्ष ग्रीष्मकालीन मूंग का क्षेत्रफल लगभग 14.30 लाख हेक्टेयर है। गत वर्ष के अंतिम अनुमान / इस वर्ष के तृतीय अग्रिम अनुमान अनुसार प्रदेश मे ग्रीष्मकालीन मूंग की उत्पादकता 1410 कि.ग्राम/हे. है। इस प्रकार प्रदेश का कुल उत्पादन 20.16 लाख मेट्रिक टन संभावित है ।

गत वर्षो के ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन के अनुभव तथा इस वर्ष के उत्पादन के प्रकाश में यह संभावित है कि प्रदेश में मूंग का उपार्जन लगभग 8.00 लाख मे.टन होगा। भारत सरकार द्वारा गत वर्ष 4.19 लाख मे.टन का लक्ष्य प्रदान किया गया था, जिसके विरूद्ध प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग का कुल 7.72 लाख मे. टन का उपार्जन किया गया। आज दिनांक तक ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन का लाभ लेने हेतु पंजीकृत 3.47 लाख कृषकों के विरूद्ध मात्र 82 हजार कृषकों द्वारा ही मूंग उपार्जन कराया है।

किसानों को बेहतर मूल्य मिले और वे भविष्य में भी दलहन उत्पादन के प्रति इच्छुक रहे को सुनिश्चित करने के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य का अधिकाधिक लाभ उन्हे दिया जाना आवश्यक है, जो भारत सरकार द्वारा प्रदत्त लक्ष्य सीमा से संभव नहीं हो सकेगा। अतएव पुन: अनुरोध है कि विपणन वर्ष 2026-27 में भारत सरकार की प्राईस सर्पोट स्कीम अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर तय किये हुए लक्ष्य में से अन्य ग्रीष्मकालीन मूंग उत्पादन करने वाले राज्यों के बचत के प्रतिशत को प्रदेश को प्रदाय करते हुए प्रेषित संशोधित प्रस्ताव अनुसार लक्ष्य सीमा को बढ़ाकर प्रदेश के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत मात्रा, 8.06 लाख मे.टन का लक्ष्य प्रदाय किया जाये।

ऐदल सिंह कंषाना
मंत्री
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
मध्यप्रदेश शासन

कार्यालय : कक्ष क्र. B-106, प्रथम तल,
वल्लभ भवन क्र.–2, मंत्रालय, भोपाल
दूरभाष क्र. 0755–2708389
निवास : बी–3, श्यामला हिल्स, भोपाल, (म.प्र.)
मोबा. नं. 9425126871, 7697016681

क्रमांक : SA-1062/मंत्री/कि.क.कृ.वि.वि./2026

भोपाल, दिनांक 28-7-2026

कृपया उपरोक्तानुसार लक्ष्य सीमा में बढ़ोत्तरी कर मध्यप्रदेश के लाखों मूंग उत्पादक किसानों को अनुग्रहित करने का अनुरोध है।

"सादर"

भवदीय

(ऐदल सिंह कंषाना)

प्रति,

**माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी,**
केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार,
कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास,
कृषि भवन, नई दिल्ली ।